# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (सत्र :2025-26)

## कक्षा:VI ; विषय: विज्ञान (086)

अवधि: **2.30** घंटे | अधिकतम अंक: **60**

*सामान्य निर्देश:*

**1.** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**2.** इस प्रश्न पत्र में खण्ड क, ख, ग, घ और ड़ हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक अंकित हैं।

**3.** खण्ड क (प्रश्न संख्या **1, I-XII**) में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1**अंक का है।

**4.** खण्ड ख (प्रश्न संख्या **2-5**) में अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2**अंक का है।

**5.** खण्ड ग (प्रश्न संख्या **6-8**) में लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है।


**6.** खण्ड घ (प्रश्न संख्या **9-11**) में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है।

**7.** खण्ड ड़ (प्रश्न संख्या **12-15**) में केस आधारित या स्रोत आधारित प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में तीन उपभाग हैं।

**8.**कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना है।

| खण्ड क | | |
|---|---|---|
| प्र. सं. | प्रश्न | अंक |
| **1.** | प्रश्न I-XII में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए। | |
| **I** | रेगिस्तानी पौधों को जल संचित करने में कौन-सी विशेषता सहायता करती है?<br>A) मांसल तने<br>B) लंबी जड़ें<br>C) बड़े पत्ते<br>D) मोटी छाल | **1** |
| **II** | कौन-सा जानवर गति के लिए पैर और पंख दोनों का उपयोग करता है?<br>A) चींटी<br>B) मछली<br>C) कबूतर<br>D) बकरी | **1** |
| **III** | ऊँटों को रेतीले रेगिस्तान में चलने में क्या सहायता करता है?<br>A) छोटे पैर<br>B) चौड़े खुरों वाले लंबे पैर<br>C) पतले पैर | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | D) छोटे खुर | |
| **IV** | 1960 के दशक में हिमालयी क्षेत्र में किस पोषक तत्व की सामान्यतः कमी थी?<br>A) विटामिन C<br>B) प्रोटीन<br>C) आयोडीन<br>D) विटामिन D | **1** |
| **V** | जब सब्ज़ियों को अधिक ताप पर पकाया जाता है तो विटामिन C का क्या होता है?<br>A) यह बढ़ता है<br>B) यह वैसा ही रहता है<br>C) यह नष्ट हो जाता है<br>D) यह रूप बदल लेता है | **1** |
| **VI** | इनमें से कौन-सा लंबाई मापने की मानक इकाई नहीं है?<br>A) मीटर<br>B) बालिश्त<br>C) सेंटीमीटर<br>D) मिलीमीटर | **1** |
| **VII** | वक्र रेखा की लंबाई कैसे मापी जा सकती है?<br>A) केवल सीधी रूलर से<br>B) धागे या मापने की टेप से<br>C) हाथ की हथेली से अनुमान लगाकर<br>D) इसे मापा नहीं जा सकता | **1** |
| **VIII** | किसी वस्तु को गति में कब कहा जाता है?<br>A) जब वह तेज़ी से चल रही हो<br>B) जब वह किसी संदर्भ बिंदु के सापेक्ष अपनी स्थिति समय के साथ बदल रही हो<br>C) जब उसका रंग बदलता हो<br>D) जब वह वृत्ताकार घूमती हो | **1** |
| **IX** | उन पदार्थों को क्या कहते हैं जिनके आर-पार नहीं देखा जा सकता?<br>A) पारदर्शी<br>B) पारभासी<br>C) अपारदर्शी<br>D) चमकीले | **1** |
| **X** | पृथ्वी की सतह का कितने प्रतिशत भाग जल से ढका हुआ है?<br>A) एक-तिहाई | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | B) दो-तिहाई<br>C) आधा<br>D) तीन-चौथाई | |
| **XI** | इनमें से कौन-सा संसाधन  अनवीकरणीय  है?<br>A) वायु<br>B) जल<br>C) कोयला<br>D) वन | **1** |
| **XII** | वर्षा जल संचयन क्या है?<br>A) बाद में उपयोग हेतु वर्षा जल का संग्रह<br>B) कपड़े धोने हेतु वर्षा जल का प्रयोग<br>C) वर्षा जल को नदियों में बहने देना<br>D) वर्षा जल को स्विमिंग पूल में प्रयोग करना | **1** |
| | **खण्ड ख** | |
| **2.** | पशुओं के वर्गीकरण के लिए आवास की दो मुख्य श्रेणियाँ कौन-सी हैं? प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।<br>अथवा<br>समझाइए कि निम्नलिखित जंतु अपने परिवेश के अनुसार कैसे अनुकूलित हैं –<br>a) गरम रेगिस्तान का ऊँट<br>b) ठंडे रेगिस्तान का ऊँट | **2** |
| **3.** | खाद्य मील(फूड माइल) से आप क्या समझते हैं? इसका महत्व बताइए। | **2** |
| **4.** | पारदर्शी और पारभासी वस्तुओं के बीच दो अंतर लिखिए। | **2** |
| **5.** | अनवीकरणीय संसाधनों  को सीमित क्यों माना जाता है?<br>अथवा<br>नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधनों  में दो अंतर लिखिए। | **2** |
| | **खण्ड ग** | |
| **6.** | रवि की माँ घर में सब्जियों के बगीचे की देखभाल करती हैं। एक दिन वह मिट्टी से गाजर निकाल रही थीं और उन्होंने राहुल से कहा कि गाजर एक प्रकार की जड़ है।गाजर किस प्रकार की जड़ है?<br><br>गाजर के पत्तों में किस प्रकार की शिराविन्यास  पाया जाता है?<br>इसी प्रकार की जड़ का एक और उदाहरण दीजिए। | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br>एकबीजपत्री और द्विबीजपत्री पौधों में कोई तीन अंतर लिखिए। | |
| **7.** | संतुलित आहार क्या है? पोषण की आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति में भिन्न क्यों होती है? | **3** |
| **8.** | तीन ऐसे कार्य लिखिए जो वायु की उपस्थिति के कारण संभव हैं।<br>अथवा<br>मानव गतिविधियों द्वारा वायु प्रदूषण के दो तरीके समझाइए। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक उपाय सुझाइए। | **3** |
| | **खण्ड घ** | |
| **9.** | रिक्त स्थान भरिए (दिए गए विकल्पों में से चुनें):<br><br>i. लंबाई की S.I. मात्रक _________ है। (मीटर/किलोमीटर)<br>ii. एक किलोमीटर = _____________ (100/1000) मीटर होता है।<br>iii. जब कोई वस्तु एक स्थिर स्थिति के चारों ओर आगे-पीछे चलती है, तो उसकी गति को _____________ कहते हैं। (वृत्ताकार/दोलन)<br>iv. वृक्ष की परिधि मापने के लिए एक ___________ मापन टेप अधिक उपयुक्त है। (टूटी हुई/लचीली)<br>v. हिंडोला झूले की गति ___________ गति का उदाहरण है। (रेखीय/वृत्ताकार) | **5** |
| **10.** | मिलान कीजिए –<br><br>**कॉलम A** — **कॉलम B**<br>1. पारदर्शी पदार्थ — B. काँच<br>2. अपारदर्शी पदार्थ — A. लकड़ी<br>3. चमकीला पदार्थ — C. स्टील<br>4. मुलायम पदार्थ — D. स्पंज<br>5. कठोर पदार्थ — E. पत्थर | **5** |
| **11.** | <u>(I) या (II) में से किसी एक का उत्तर दीजिए-</u><br><br>(I).a) पोषक तत्वों की परिभाषा दीजिए तथा इनके प्रमुख प्रकार लिखिए।<br>b) हमें अपने दैनिक आहार में फल और सब्जियाँ सम्मिलित करने की | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | सलाह क्यों दी जाती है?<br><br>अथवा<br>(II).a) किन्हीं तीन विटामिनों के नाम और उनके प्राकृतिक स्रोत लिखिए।<br>b) कुछ सब्ज़ियाँ पकाते समय अपने पोषक तत्व क्यों खो देती हैं, समझाइए। | |
| | **खण्ड ङ** | |
| **12.** | डॉ. रघु और मनीराम चाचा वर्षा के बाद बच्चों को प्रकृति भ्रमण पर ले गए। उन्होंने विभिन्न पौधों और जानवरों को देखा, जिनमें अलग-अलग स्वर निकालने वाले पक्षी भी थे। छात्रों ने पौधों की तना, पत्तियाँ, बीज आदि के आधार पर विभिन्न विशेषताएँ देखीं।<br>a) पौधों को उनकी ऊँचाई और तने के प्रकार के आधार पर किन्हीं दो समूहों में वर्गीकृत कीजिए।<br>b)आम और गुलाब को इन समूहों में वर्गीकृत कीजिए।<br><u>(c) या (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए-</u><br>c)आरोही लता की परिभाषा लिखिए। ये विसर्पी लता से कैसे भिन्न हैं?<br>या<br>d) तुलसी और साधारण घास के तने व पत्तियों की व्यवस्था की तुलना कीजिए। | **4** |
| **13.** | विद्यार्थी एक बस में पौधों और जानवरों का अध्ययन करने के लिए सैर पर जा रहे हैं। दूसरी कक्षा के विद्यार्थी बस के बाहर से बस में बैठे यात्रियों को देख रहे हैं।<br>a) क्या यात्री एक-दूसरे के सापेक्ष गति में हैं?<br>b) क्या यात्री पेड़ों के सापेक्ष गति में हैं?<br><u>(c) या (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए-</u><br>c) गति निर्धारित करने में संदर्भ बिंदु का महत्व समझाइए।<br>या<br>d) सीधी सड़क पर चलती बस किस प्रकार की गति प्रदर्शित करती है? परिभाषित कीजिए। | **4** |
| **14.** | गुलन की माँ ने पानी में चीनी, नमक और नींबू का रस मिलाकर शिकंजी बनाई। गुलन ने देखा कि चीनी और नमक पानी में गायब हो गए। | **4** |

| | | |
|---|---|---|
| | a) चीनी और नमक पानी में क्यों गायब हो गए?<br>b)इससे हमें चीनी और नमक की विलेयता के बारे में क्या जानकारी मिलती है?<br><u>(c) या (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए-</u><br>c)क्या रेत भी पानी में ऐसा ही व्यवहार करेगी? क्यों या क्यों नहीं?<br>**या**<br>d) पानी में पाई जाने वाली कोई दो गैसों के नाम लिखिए। | |
| **15.** | हमारे देश में नदियाँ, झरने और झीलें प्रचुर मात्रा में हैं। ये सभी मीठे पानी के स्रोत हैं, फिर भी हमें स्वच्छ जल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जल लगातार प्रदूषित होता जा रहा है।<br>a) जल प्रदूषण क्या है?<br>b)जल प्रदूषण उत्पन्न करने वाली कोई दो मानव गतिविधियाँ लिखिए।<br><u>(c) या (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए-</u><br>c)वर्षा जल संचयन की परिभाषा दीजिए।<br>**या**<br>d) जल की बर्बादी कम करने के कोई दो उपाय लिखिए। | **4** |